भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 201
सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)

केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाएं

201. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः
श्रीमती कविता मलोथूः
डॉ. जी. रणजीत रेड्डीः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तेलंगाना में मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं का वर्ष, जिला और योजना-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) तेलंगाना में उपरोक्त अवधि के दौरान उपर्युक्त प्रत्येक योजना हेतु स्वीकृत, अनुमोदित, जारी और व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान निर्धारित और प्राप्त किए गए वास्तविक लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं**?**

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (घ): विगत पांच वर्षों के दौरान, श्रम और रोजगार मंत्रालय, केंद्र प्रायोजित तीन योजनाओं नामतः राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस), प्रधान मंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना (पीएमआरपीवाई) और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोचिंग और मार्गदर्शन आदि, का कार्यान्वयन कर रहा है। पीएमआरपीवाई योजना 31.03.2022 से बंद कर दी गई है।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां केवल एनसीएस योजना के तहत जारी की जाती है। एनसीएस योजना के तहत, तेलंगाना राज्य में वर्ष 2014-15 से दिनांक 30.06.2022 तक अनुमोदित, जारी और व्यय राशि क्रमशः 827.10 लाख रुपए, 665.03 लाख रुपए और 360.88 लाख रुपए है।

एनसीएस योजना के तहत प्रदान की जाने वाली सेवाएं निःशुल्क और स्वैच्छिक हैं। रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं सहित सभी हितधारकों को एनसीएस द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का अधिकतम उपयोग हेतु प्रोत्साहित करने के सभी प्रयास किए जाते हैं। इन सेवाओं के उपयोग को बढ़ावा देना इसका प्रमुख लक्ष्य है। तेलंगाना राज्य में विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान एनसीएस योजना की उपलब्धि का विवरण निम्नानुसार है:

मापदंड	2017-18 से 2022-23 (30 जून 2022 तक)
रोजगार चाहने वाले पंजीकृत	5,64,724
पंजीकृत नियोक्ता	11,259
जुटाई गई नौकरी रिक्तियां	3,41,124
आयोजित रोजगार मेलें	283
रोजगार मेले के दौरान शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार	30,396
उपलब्ध कराए गए करियर/व्यावसायिक मार्गदर्शन	3547

*****